भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1456

01 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: एमएसपी में वृद्धि और किसानों की आय पर इसका प्रभाव

1456: डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:

श्रीमती संगीता यादव:

श्री मयंककुमार नायक:

श्री बृज लाल:

श्रीमती किरण चौधरी:

श्री अमर पाल मौर्य:

श्री बाबू राम निषाद:

श्री रामेश्वर तेली:

श्री सुभाष बराला:

श्री नरहरी अमीन:

श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान रबी और खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार कपास और पटसन जैसी गैर-खाद्य फसलों के लिए एमएसपी प्रदान कर रही है, यदि हाँ, तो विगत पाँच वर्षों के दौरान इन फसलों के लिए एमएसपी में कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) क्या किसानों की आय बढ़ाने में पिछले कुछ वर्षों के दौरान एमएसपी में वृद्धि के योगदान का जायजा लेने के लिए कोई मूल्यांकन किया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं, साथ ही लघु और सीमांत किसानों की आय में स्थिरता हासिल करने में खरीद तंत्र की क्या भूमिका रही है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): सरकार ने राज्य सरकारों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सी.ए.सी.पी.) की सिफारिशों के आधार पर 22 अधिसूचित कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) तय किए हैं। पिछले तीन वर्षों में और चालू वर्ष में खरीफ फसलों और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) में वृद्धि का विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

(ख): जी हाँ। 22 अधिसूचित कृषि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 3 गैर-खाद्य फसलें अर्थात् कपास, जूट और खोपरा भी शामिल हैं। चालू वर्ष सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान कपास, जूट और खोपरा के एम.एस.पी. में वृद्धि का विवरण **अनुबंध-II पर** दिया गया है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था (नीति आयोग) (पूर्ववर्ती योजना आयोग) ने वर्ष 2016 में "किसानों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रभावशीलता" शीर्षक से एक अध्ययन किया है। इस अध्ययन में 14 राज्य, 36 जिले, 72 ब्लॉक, 144 गाँव और 1440 परिवार शामिल किए गए। यह अध्ययन प्राथमिक और द्वितीयक, दोनों आँकड़ों पर आधारित है। अध्ययन में अन्य बातों के अतिरिक्त यह भी पाया गया है कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) ने अध्ययन के अंतर्गत शामिल 78% किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियाँ जैसे कि उच्च उपज देने वाले बीज, जैविक खाद, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और कटाई के उन्नत तरीके आदि अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

वर्ष 2024-25 (जुलाई से जून) के दौरान खरीद, किसानों को भुगतान की गई एम.एस.पी. राशि और लाभान्वित किसानों का विवरण निम्नानुसार है:

खरीद लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) में	**किसानों को भुगतान की गई एम.एस.पी. राशि (लाख करोड़ रुपये में)**	**लाभान्वित किसानों की संख्या (करोड़ में)**
1,175	3.33	1.84

अनुबंध-I

दिनांक 01.08.2025 को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1456 **के भाग (क) से संबंधित अनुबंध**

खरीफ और रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

(मार्केटिंग सीजन के अनुसार) (रुपये/कुंतल)

कमोडिटी/वस्तु	**केएमएस** 2022-23	**केएमएस** 2023-24	**केएमएस** 2024-25	**केएमएस** 2025-26
<u>खरीफ फसलें</u>				
धान (सामान्य)	2040	2183	2300	2369
धान (ग्रेड 'ए')	2060	2203	2320	2389
ज्वार (संकर)	2970	3180	3371	3699
ज्वार (मालदंडी)	2990	3225	3421	3749
बाजरा	2350	2500	2625	2775
रागी	3578	3846	4290	4886
मक्का	1962	2090	2225	2400
अरहर	6600	7000	7550	8000
मूंग	7755	8558	8682	8768
उड़द	6600	6950	7400	7800
कपास (मीडियम स्टेपल)	6080	6620	7121	7710
कपास (लॉन्ग स्टेपल)	6380	7020	7521	8110
मूंगफली	5850	6377	6783	7263
सूरजमुखी बीज	6400	6760	7280	7721
सोयाबीन पीला	4300	4600	4892	5328
तिल	7830	8635	9267	9846
रामतिल	7287	7734	8717	9537
<u>रबी फसलें</u>	**आरएमएस 2022-23**	**आरएमएस 2023-24**	**आरएमएस 2024-25**	**आरएमएस 2025-26**
गेहूँ	2015	2125	2275	2425
जौ	1635	1735	1850	1980
चना	5230	5335	5440	5650
मसूर	5500	6000	6425	6700
रेपसीड और सरसों	5050	5450	5650	5950
कुसुम	5441	5650	5800	5940

नोट: केएमएस : खरीफ मार्केटिंग सीजन, आरएमएस: रबी मार्केटिंग सीजन

अनुबंध-II

दिनांक 01.08.2025 को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1456 **के भाग (ख) से संबंधित अनुबंध**

गैर खाद्य फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

(मार्केटिंग सीजन के अनुसार) (रुपये/कुंतल)

कमोडिटी/वस्तु	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
कपास (मीडियम स्टेपल)	5726	6080	6620	7121	7710
कपास (लॉन्ग स्टेपल)	6025	6380	7020	7521	8110
जूट	4500	4750	5050	5335	5650
	2021	**2022**	**2023**	**2024**	**2025**
कोपरा (मिलिंग)	10335	10590	10860	11160	11582
कोपरा (बॉल)	10600	11000	11750	12000	12100

*****